भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †2401
सोमवार, 15 दिसंबर, 2025/24 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**पर्यटन उद्योग में राज्यों का योगदान**

**†2401. श्री अ. मनिः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में पर्यटन उद्योग के विकास में बहुत महत्वपूर्ण योगदान देने वाले राज्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) पर्यटन उद्योग में राज्यों के योगदान का आकलन करने के लिए प्रयुक्त मापविधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) पर्यटन क्षेत्र द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान और वर्तमान वर्ष में अर्जित किए गए राजस्व का ब्यौरा क्या है;

(घ) पर्यटन क्षेत्र में, विशेषकर इसके विकास में, सर्वाधिक योगदान करने वाले राज्यों में कितने रोजगार सृजित हुए हैं;

(ङ) क्या पर्यटन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले राज्यों को केन्द्रीय योजनाओं या अनुदान के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाता है; और

(च) संस्कृति और विरासत पर्यटन के संवर्धन तथा संरक्षण में सर्वाधिक योगदान देने वाले राज्यों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): घरेलू और विदेशी पर्यटक यात्राओं के अनुसार, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और राजस्थान देश के पर्यटन उद्योग में प्रमुख योगदानकर्ताओं में से हैं। राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) के साथ उनकी हिस्सेदारी का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग): पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान भारत में पर्यटन से अर्जित विदेशी मुद्रा आय (एफईई) निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **भारत में पर्यटन से अर्जित विदेशी मुद्रा आय (करोड़ रु. में)** |
|---|---|
| 2022 | 1,69,917 |

| | |
|---|---|
| 2023 | 2,66,045 |
| 2024#2 | 2,93,033 |
| 2025(जनवरी से अक्टूबर तक) (अ) | 2,12,348 |

#2: संशोधित अनुमान

(अ): अनंतिम अनुमान

(घ): वर्ष 2021-22 से 2023-24 के दौरान भारत में पर्यटन क्षेत्र में रोजगार का परिदृश्य निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | **पर्यटन संबंधी रोजगार की कुल संख्या (मिलियन में)** |
|---|---|
| 2021-22 | 70.04 |
| 2022-23 | 76.17 |
| 2023-24 | 84.63 |

स्रोत: आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) पर आधारित अनुमान

(ड.): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)' स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना- 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)', 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता (एसीए)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास संबंधी उनके प्रयासों को संपूरित करता हैं। इसके अलावा, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता' (एसएएससीआई)' नामक अपनी पहल के तहत पर्यटन संबंधी परियोजनाओं के विकास के लिए भी राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

(च): सांस्कृतिक और विरासत स्थलों सहित पर्यटन स्थलों का विकास, संवर्धन, प्रबंधन और रखरखाव, मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। हालांकि, अपनी वर्तमान में चल रही गतिविधियों के हिस्से के रूप में, पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से देश के पर्यटन स्थलों और उत्पादों का समग्र रूप से संवर्धन करता है। इन संवर्धनात्मक प्रयासों में, कार्यक्रमों का आयोजन और उनमें सहभागिता करना, मेलों और महोत्सवों के आयोजन हेतु राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करना, वेबसाइट और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंच बनाना तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन प्रदर्शनियों आदि में भागीदारी करना शामिल हैं, ताकि देश में घरेलू और विदेशी पर्यटकों की यात्रा को बढ़ाया जा सके।

********

**अनुबंध**

श्री अ. मनि द्वारा पर्यटन उद्योग में राज्यों के योगदान के संबंध में दिनांक 15.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2401 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

**वर्ष 2024 के दौरान राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार घरेलू पर्यटक यात्राएं और विदेशी पर्यटक यात्राएं (डीटीवी और एफटीवी) तथा कुल पर्यटक यात्राएं:**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | डीटीवी 2024 | एफटीवी 2024 | कुल यात्राएं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तर प्रदेश | 64,68,07,146 | 22,69,067 | 64,90,76,213 |
| 2 | तमिलनाडु | 30,68,42,014 | 11,61,302 | 30,80,03,316 |
| 3 | कर्नाटक | 30,45,63,569 | 4,85,204 | 30,50,48,773 |
| 4 | आंध्र प्रदेश | 29,02,66,452 | 2,62,431 | 29,05,28,883 |
| 5 | राजस्थान | 23,00,84,198 | 20,72,407 | 23,21,56,605 |
| 6 | महाराष्ट्र* | 18,93,71,541 | 37,05,170 | 19,30,76,711 |
| 7 | पश्चिम बंगाल | 18,44,75,527 | 31,24,462 | 18,75,99,989 |
| 8 | गुजरात | 18,40,14,075 | 22,74,477 | 18,62,88,552 |
| 9 | मध्य प्रदेश | 13,31,76,410 | 1,67,535 | 13,33,43,945 |
| 10 | तेलंगाना | 8,82,39,675 | 1,55,313 | 8,83,94,988 |
| 11 | बिहार | 6,54,63,304 | 7,36,720 | 6,62,00,024 |
| 12 | उत्तराखंड | 6,08,49,060 | 1,39,375 | 6,09,88,435 |
| 13 | झारखंड | 5,40,40,789 | 45,273 | 5,40,86,062 |
| 14 | दिल्ली* | 4,62,57,000 | 19,99,410 | 4,82,56,410 |
| 15 | छत्तीसगढ | 3,14,87,900 | 3,485 | 3,14,91,385 |
| 16 | पंजाब | 2,77,45,183 | 5,41,784 | 2,82,86,967 |
| 17 | जम्मू और कश्मीर | 2,30,12,707 | 65,452 | 2,30,78,159 |
| 18 | केरल | 2,22,46,989 | 7,38,374 | 2,29,85,363 |
| 19 | हिमाचल प्रदेश | 1,80,41,929 | 82,765 | 1,81,24,694 |
| 20 | उड़ीसा | 1,09,98,819 | 87,854 | 1,10,86,673 |
| 21 | गोवा | 99,41,286 | 4,67,911 | 1,04,09,197 |
| 22 | असम | 76,08,169 | 27,170 | 76,35,339 |
| 23 | पुद्दुचेरी | 21,19,792 | 17,819 | 21,37,611 |
| 24 | हरियाणा | 18,92,251 | 543 | 18,92,794 |
| 26 | सिक्किम | 15,40,421 | 84,820 | 16,25,241 |
| 25 | मेघालय | 15,85,535 | 23,075 | 16,08,610 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 27 | दादरा नगर हवेली और दमन एवं दीव दीव | 13,58,901 | 2,626 | 13,61,527 |
| 28 | चंडीगढ़ | 9,98,605 | 39,058 | 10,37,663 |
| 29 | अरुणाचल प्रदेश | 8,69,912 | 4,714 | 8,74,626 |
| 30 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 7,10,397 | 11,497 | 7,21,894 |
| 31 | त्रिपुरा | 6,00,651 | 90,824 | 6,91,475 |
| 32 | मिजोरम | 4,21,888 | 5,414 | 4,27,302 |
| 33 | लद्दाख | 3,36,682 | 39,704 | 3,76,386 |
| 34 | नागालैंड | 1,25,516 | 5,623 | 1,31,139 |
| 35 | लक्षद्वीप | 67,430 | 898 | 68,328 |
| 36 | मणिपुर | 29,102 | 2,518 | 31,620 |
| **कुल** | | **2,94,81,90,825** | **2,09,42,074** | **2,96,91,32,899** |

स्रोत: राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के पर्यटन विभाग

*: अनुमानित डेटा

*******